एक नजर में

मुनादी कराकर किया गया जल संरक्षण के प्रति जागरूक

बुधनी/ भैरूंदा. जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा बुधनी के अदालत कालोनी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, नगर परिषद के कर्मचारियों, स्वयं सहायता समूह की दीदियों और नागरिकों ने पौधारोपण किया और जल एवं प्रकृति संरक्षण की शपथ ली .कार्यक्रम में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी, पार्षद प्रभात भदोरिया, यशवंत चौहान उपस्थित रहे .सभी ने जल संरक्षण, हरित पर्यावरण और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से पौधारोपण किया. भैरूंदा नगर परिषद द्वारा जागरूकता वाहन के माध्यम से वार्डों में मुनादी कराकर जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया .जल एवं प्रकृति संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस अभियान के बारे में जानकारी दी गई.

वार्ड क्रमांक 10 में सड़क का भूमि पूजन

भेरूंदा. नगर परिषद के द्वारा वार्ड क्रमांक 10 में अमर सिंह पवार के घर के पास से टावर तक 200 मी लंबाई एवं 6 मी चौड़ाई लागत 22 लाख 40 हजार की लागत से रोड का भूमि पूजन किया. इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पंवार, पार्षद मेहरबान, नितेश पेठारी एवं वार्ड के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे.

ओरिएंटल स्कूल के दो छात्र रग्बी नेशनल के लिए चयनित

बुधनी. नगर के ओरिएंटल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के दो छात्रों सुमित पटेल और अल्फेज खान का एसजीएफआई रग्बी नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है .दोनों खिलाड़ियों का चयन इंदौर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के प्रदर्शन के आधार पर किया गया. दोनों खिलाड़ी उड़ीसा के भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना होंगे. इस उपलब्धि पर रग्बी एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्जुन मालवीय, सचिव सत्येन्द्र सिंह सिवाच, मध्य प्रदेश रग्बी एसोसिएशन के सचिव अबरार शेख अहमद, एलएनसीटी ग्रुप के खेल निदेशक पंकज जैन, निदेशक नील कमल सरकार, प्राचार्य नेलिमा सरकार, तकनीकी निदेशक संदीप जादव, कोच विशाल यादव आदि ने बधाई दी है.

प्रवेश उत्सव में विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित

सलकनपुर/रेहटी. गत दिवस शासकीय सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश उत्सव का आयोजन सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल, मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी, शिवनंदन ठाकुर, भारत चौहान, अचल पटेल, महेश हरियाले, पिंटू मांगतानी, नंदकिशोर सैनी, कैलाश भिलाला भी मौजूद थे. अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं. साथ ही पूर्व सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. अंत में प्राचार्य महेश कुमार एवं विमलेश दायमा ने आभार व्यक्त किया.

निकाली भव्य शोभायात्रा व भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

बुधनी. हनुमान जन्मोत्सव पर प्राचीन हनुमान मंदिरों में दिनभर विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. प्राचीन सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में नव निर्मित मंदिर में पूजा-अर्चना कर कलश स्थापना की गई व बजरंग बली का अभिषेक किया गया तथा श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया. पूजन के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया. विहिप और बजरंग दल के तत्वावधान में शाम 5 बजे महाराणा प्रताप तिराहे से विशाल शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी सहित बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए. गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में चार अखाड़ों के युवकों ने अस्त्र-शस्त्र का आकर्षक प्रदर्शन किया. वहीं दुर्गा वाहिनी की महिलाओं ने पहली बार नारी शक्ति का शस्त्र प्रदर्शन कर विशेष आकर्षण प्रस्तुत किया. नगर में विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया कार्यक्रम का समापन खेड़ापति हनुमान मंदिर में आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ.

रात के अंधेरे में आंधी-तूफान ने जमकर बरपाया कहर

लगभग 15 मिनट चले अंधड़ ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर दुबकने को किया मजबूर, कई विशाल पेड़ जमीन पर आ गिरे

- कई घरों के खपरैल और चादरें उड़कर दूर जा गिरीं
- बिजली के तार टूटने से रात भर अंधेरे में डूबे रहे कई गांव

सीहोर. रात को महज कुछ देर चले आंधी- तूफान ने कई घरों के खपरैल और चादरों को उड़ा दिया. गनीमत रही कि कोई हादसा घटित नहीं हो सका. पुरानी कलेक्ट्रेट के पास गिरे पेड़ को जेसीबी की मदद से हटाया गया.

नवभारत न्यूज

सीहोर 3 अप्रैल. इन दिनों मौसम में नित नए बदलाव देखने को मिल रहे हैं. बुधवार को बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने कई किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचाया तो अगले दिन गुरुवार को दिन भर की शांति के बाद रात को चले आंधी तूफान ने शहरों व गांवों को तहस- नहस कर दिया. इस तूफान की चपेट में आने से कई मकानों के कवेलू व चादर उड़ गए, वहीं विशाल पेड़ भी प्रचंड हवा का वेग नहीं सह सके और जमींदोज हो गए. इतना ही नहीं मौसम के रौद्र रूप ने खंबों और ट्रांसफार्मर को नुकसान पहुंचाते हुए विद्युत वितरण कंपनी को लाखों रुपए का नुकसान पहुंचा दिया.

बीते दो दिन से मौसम के बदले मिजाज ने भले ही लोगों को भीषण गर्मी से निजात दिलाई हो, लेकिन इससे काफी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा है. बुधवार को दोपहर में अचानक मौसम बदला और बादलों की तेज गड़गड़ाहट और तेज हवाओं के साथ जोरदार पानी बरसा. इस दौरान कहीं- कहीं ओलावृष्टि भी हुई. नतीजतन थ्रेसिंग के लिए खलिहान में रखी व खेतों में खड़ी फसल को काफी नुकसान पहुंचा. इसके अलावा खेतों में रखे भूसे के ढेर भी तेज हवाओं के कारण उड़ गए थे अथवा गीले हो गए थे.

इसी तरह गुरुवार को सुबह से आसमान साफ था. गर्मी व उमस ने लोगों को बेहाल कर रखा था. शाम तक ऐसी कोई संभावना नजर नहीं आ रही थी कि आगे चलकर मौसम विकराल रूप धारण कर लेगा. बीती रात लगभग 11 बजे अचानक मौसम बदला और तेज हवाएं बहने लगीं. हवाओं की रफ्तार इतनी तेज थी कि धूल के गुबार से आसमान ढंक गया था. लगभग 15 मिनट के आंधी तूफान ने कई कच्चे घरों के खपरैल और चादरों को उड़ाकर दूर फैंक दिया था. शहर में कल बड़ा बाजार और भोपाल नाके पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया था. वह भी मौसम के मिजाज के आगे टिक नहीं सके. आयोजन समिति को आनन-फानन में सारा सामान समेटना पड़ा. तेज हवाओं के चलते अफरा- तफरी का माहौल निर्मित हो गया था. लोग सुरक्षित स्थानों पर दुबक गए थे. इस दौरान बिजली गुल होने से संपूर्ण शहर और गांवों में अंधेरे का साम्राज्य स्थापित हो गया था.

तेज अंधड़ के कारण पुरानी कलेक्ट्रेट के समीप विशाल पेड़ गिर गया था जिससे यातायात बाधित हो रहा था. नपा के अमले ने जेसीबी की मदद से पेड़ को हटाते हुए आवाजाही शुरू की. इसी तरह टाउनहाल में भी एक पेड़ गिर पड़ा, वहीं सीमेंट रखने के लिए बनाए गए टीनशेड की चादरें भी उड़ गई थीं. इसके अलावा तेज हवाओं के कारण आम के बोर झड़ गए. बगीचों में कैरियां बिखरी नजर आ रही थीं. इससे भी काफी नुकसान हुआ है.

दिन के उजाले में दिखे तबाही के मंजर

देर रात चले जोरदार अंधड़ ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर तबाही मचाई. सर्वाधिक नुकसान विद्युत वितरण कंपनी को झेलना पड़ा है. तेज आंधी के चलते कई पोल आड़े हो गए तो ट्रांसफार्मर भी जमीन पर आ गिरे. विद्युत वितरण कंपनी की मानें तो बीती रात आए आंधी तूफान के चलते सीहोर और इछावर के अलावा श्यामपुर क्षेत्र में भी काफी नुकसान हुआ है. 33 केवी के 33 पोल, 11 केवी के 139 पोल एवं एलटी के 49 पोल क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि 55 ट्रांसफार्मर गिर गए अथवा क्षतिग्रस्त हो गए. इतना ही नहीं बढ़ियाखेड़ी इंडस्ट्रियल एरिया में भी पोल गिर गए. विद्युत कंपनी का अमला पूरी रात मरम्मत कार्य में जुटा रहा. इसके बाद भी शहर के कई हिस्सों व ग्रामीण क्षेत्रों में अंधेरा बना रहा. विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि इस आंधी तूफान में लगभग 95 लाख रुपए का नुकसान हुआ है.

सीहोर. तेज हवाओं ने बढ़ियाखेड़ी इंडस्ट्रियल एरिया में कई पोल को जमींदोज कर दिया

अन्य जिलों में गड़बड़ियों के बाद सीहोर में सख्ती

- तहसीलदार व अधिकारी कर रहे गोदामों की जांच
- दो दिन में जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

सीहोर 3 अप्रैल. अन्य जिलों में गेहूं खरीदी से पहले गोदामों में अनियमित भंडारण और बिना स्लॉट बुकिंग के गेहूं रखे जाने के मामले सामने आने के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है. इन गड़बड़ियों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जिले में समर्थन मूल्य पर खरीदी से पहले जांच के निर्देश जारी किए हैं.

शासन के अनुसार रबी उपार्जन वर्ष के अंतर्गत गेहूं की खरीदी 10 अप्रैल से प्रारंभ होना है, लेकिन इससे पहले ही कुछ जिलों में नियमों के विरुद्ध भंडारण की शिकायतों ने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं. इसी को ध्यान में रखते हुए जिले में तहसीलवार एवं गोदामवार अधिकारियों के जांच दल गठित किए गए हैं, जिन्हें सभी चिन्हांकित गोदामों का भौतिक सत्यापन करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जांच कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और 2 दिन में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए. निर्देश मिलते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया और अधिकारियों के दल निरीक्षण में जुट गए. जांच के दौरान श्यामपुर स्थित जानकी वेयरहाउस, नीलेश वेयरहाउस, कान्याखेड़ी का पटेल वेयरहाउस, गिल्लौर का सुदामा वेयरहाउस, बड़नगर के कमला और प्रतिभा श्री वेयरहाउस, बोरदी कला का श्री अष्ट विनायक वेयर हाउस, पांगरखाती का कमला श्री वेयरहाउस तथा भंवरी कला का महाकाल वेयरहाउस सहित कई गोदामों का निरीक्षण किया गया.

परेशान युवक ने की जान देने की कोशिश

नवभारत न्यूज

भैरूंदा 3 अप्रैल. बीती शाम एक युवक द्वारा आत्महत्या के प्रयास का कथित वीडियो सामने आया है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है. वीडियो में खुद को अशोक राठौर बताने वाला युवक सूदखोरों से परेशान होने की बात कह रहा है.

युवक का दावा है कि उसने 40 हजार रुपये 20 प्रतिशत ब्याज पर उधार लिए थे. उसके अनुसार, कर्ज देने वाले लोग लगातार उसे धमका रहे थे और हाथ-पैर तोड़ने की बात कह रहे थे. उसने यह भी आरोप लगाया कि दो बार ढाबे पर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और गालियां दी गईं. वीडियो के अंत में युवक एक शीशी से कुछ पीते हुए दिखाई देता है और तीन लोगों को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराता है.

बताया जा रहा है कि जहरीला पदार्थ सेवन करने के बाद युवक को पहले अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे शाम करीब 7 बजे रेफर किया गया. इसके बाद रात करीब 9 बजे उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है. हालांकि, पुलिस ने वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है. एसडीओपी रोशन कुमार जैन के अनुसार, मामला उनके संज्ञान में है, लेकिन वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है. भैरूंदा अस्पताल में भी जांच कराई गई, जहां इस नाम का कोई मरीज भर्ती नहीं मिला है.

निकाली शोभायात्रा और किया अभिषेक

नवभारत न्यूज

भैरूंदा 3 अप्रैल. विश्व को जियो और जीने दो एवं अहिंसा परमो धर्म: का संदेश देने वाले जैन दर्शन के चौबीसवें तीर्थंकर, भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक मनाया गया.

भक्तों ने शोभायात्रा निकाली गई इसमें सैकड़ों महिला, पुरुष युवा बच्चे शामिल हुए. नगर में दिनभर धार्मिक माहौल एवं जगह-जगह भगवान महावीर के जयघोष की गूंज सुनाई दी. शोभायात्रा विजयकुमार अनिल कुमार जैन के घर पहुंची. इसके पश्चात जैन मंदिर में भगवान महावीर का जलाभिषेक किया गया. शोभायात्रा में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं महावीर भगवान को श्रीफल भेंट किया. कार्यक्रम में बच्चों,महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी. शोभा यात्रा के दौरान विजय जैन, सुरेशचंद्र सेठी भोलाराम जैन अनिल कुमार जैन मनीष सेठी रोशन कुमार जैन ऋषभ जैन राजेश सिटी नेमीचंद जैन राजीव जैन आदिश जैन विपिन जैन राकेश जैन कमल जैन पंकज सेठी आशीष जैन मनोज जैन प्रकाश जैन भविष्य जैन आनंद जैन योगी जैन रोहित जैन संयम सेठी आदि उपस्थित थे.

किसानों को दी संयंत्र संचालन की जानकारी

सीहोर. जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उद्यानिकी द्वारा जिले में जल प्रबंधन की व्यवस्था एवं जल के समुचित उपयोग के लिए किसानों को जागरुक किया जा रहा है. सहायक संचालक जगदीश मुजाल्दा ने बताया ग्राम कोठरी के किसान प्रमोद कासनिया एवं किसान आनन्द कासनिया के प्रक्षेत्रों पर ड्रिप संयंत्र स्थापित कराए गए हैं. वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी द्वारा जल प्रबंधन के महत्व और संयंत्र संचालन एवं रख-रखाव पर भी जानकारी दी गई.

फुले की जयंती पर होंगे अनेक कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

सीहोर 3 अप्रैल. माली समाज एवं ओबीसी महासभा के संयुक्त तत्वाधान में बैठक आयोजित कर निर्णय लिया गया कि आगामी 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती की जयंती भव्यता के साथ मनाई जाएगी.

जन्मोत्सव पर चल समारोह निकालकर एवं सभा आयोजित कर महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा समाहित में किए गए उत्कृष्ट कार्यों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा. बैठक में दिनेश पुष्पद, श्याम मीणा, कमल कौर, मुकेश कुशवाह, गुलाब सिंह बागवान, रामचन्दर माली, विष्णु प्रसाद कुशवाह, जनम सिंह परमार, कमल मालवीय, सत्यनारायण, ज्ञान सिंह गुणवान, कन्हैयालाल, दयाराम सागर उपस्थित रहे.

आज से बीएसआई पर क्रिकेट का महाकुंभ

सीहोर. शनिवार से बीएसआई मैदान पर सीएम स्पोर्टस और जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आठ टीमों के मध्य जबरदस्त मुकाबले आयोजित किए जाऐंगे. खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता लोकेन्द्र मेवाड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, आयोजन समिति के पदाधिकारी और सीनियर खिलाड़ी शामिल रहेंगे. इसके लिए आयोजन समिति के चेतन मेवाड़ा ने एक सीमित का गठन किया है. जिसमें जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, आशीष शर्मा, अतुल कुशवाहा, गौरव पिचोनिया आदि को शामिल किया गया है. संघ के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार को लाल घाटी और सीहोर यंग स्टार के मध्य मैच खेला जाएगा.

प्रदर्शन गेहूं खरीदी में देरी पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, सरकार का पुतला दहन

सरकार की बेतुकी नीतियों से किसान हो रहे परेशान

नवभारत न्यूज

अहमदपुर 3 अप्रैल. गेहूं खरीदी की अंतिम तारीख बार-बार बढ़ाए जाने से किसानों में बढ़ते आक्रोश के बीच शुक्रवार को अहमदपुर देवीपुरा में ब्लॉक कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया गया. ब्लॉक अध्यक्ष पवन गुजर के नेतृत्व एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की उपस्थिति में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया.

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की अव्यवस्थित नीतियों के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि गेहूं खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता का अभाव है. बार-बार तारीख बढ़ाने से किसानों को मंडियों में लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उनकी लागत और परेशानी दोनों बढ़ रही हैं.

उन्होंने सरकार से मांग की कि गेहूं खरीदी के लिए स्पष्ट और स्थायी समयसीमा तय की जाए, साथ ही खरीदी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि किसानों को अनिश्चितता का सामना न करना पड़े. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस आंदोलन तेज करेगी.

राजीव गुजराती ने कहा कि किसानों के गेहूं की तुलाई शुरू न होना भाजपा सरकार की बड़ी विफलता है और यह किसानों के साथ सीधा धोखा है. उन्होंने सरकार पर किसान विरोधी रवैया अपनाने, बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर की किल्लत, बिजली दरों में वृद्धि और पेट्रोल-डीजल संकट जैसे मुद्दों को लेकर भी निशाना साधा. ब्लॉक अध्यक्ष पवन गुजर ने कहा कि सरकार पूरी तरह संवेदनहीन हो चुकी है. उसे न किसानों की चिंता है और न ही आम जनता की समस्याओं की परवाह है. प्रदर्शन में अफजाल पठान, वीरसिंह, दिनेश गौर, खुमानसिंह, निर्देश, चन्द्रप्रकाश शर्मा, लकपत गुर्जर, जफर अली खान, रियाज भाई, जोधाराम गुजर, सुरेन्द्र लोधी, अरुण मेवाड़ा, नर्गीश खान, अकरम खान, राहुल गौर, लोकेश गौर, राजपाल सिंह सौलंकी, हेमंत गौर, सुनील मेहार उपस्थित रहे.

57 बालिकाओं को लगाई वैक्सीन

सीहोर. शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है. सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है. 57 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई. उन्होंने बताया सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है. इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा यह राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है. यह अभियान आगामी तीन माह तक पूरे देश सहित जिले में संचालित किया जाएगा.